दिनांकः 14.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

नमस्कार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से प्रस्तुत हैं
प्रादेशिक समाचार

एसटी

समाचारों के साथ मैं सिद्धार्थ जैन

राष्ट्र, आज संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हैं इस अवसर पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. अम्बेडकर को याद किया जा रहा हैं जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा और विकास से जुड़ी कई सेवाओं और पहल को जनता को समर्पित कियां इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर ने वंचितों के साथ ही समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया हैं

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पेंशन और पालनहार योजना के लाभार्थियों को 1 हजार 363 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित कीं उन्होंने प्रदेशभर में 10 छात्रावासों का लोकार्पण और 17 छात्रावासों का शिलान्यास भी कियां इस दौरान एआई आधारित हेल्प डेस्क समाधान साथी का शुभारंभ किया गया और जामडोली स्थित स्वयं सिद्धा परिसर में लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गयां समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित राज्य मंत्रिमंडल के मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहें

इधर, बी.आर. अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिरकत कीं कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहें

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगां भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगीं प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त कीं उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगें इसके साथ ही वे टिहरी में देश के पहले एक हजार मेगावाट क्षमता वाले पंप स्टोरेज प्लांट का भी उद्घाटन करेंगें दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारा प्रमुख पर्यटन और आर्थिक केंद्रों के बीच क्षेत्रीय आर्थिक विकास को मजबूत करेगा और पूरे क्षेत्र में व्यापार और विकास के नए अवसर उत्पन्न करेगां

इस गलियारे को विशेष रूप से मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और इसमें लगभग बारह किलोमीटर लंबा ऊंचा वन्यजीव गलियारा शामिल है, जो एशिया के सबसे लंबे गलियारे में से एक हैं

000

अलवर में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे पर आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और 30 लोग घायल हो गयें पुलिस के अनुसार राजगढ़ क्षेत्र के पिनान स्थित पुलिया के पास एक निजी बस और केमिकल से भरे टैंकर की टक्कर से ये दुर्घटना हुई बस इंदौर से दिल्ली जा रही थीं घायलों को पिनान के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर घायलों को अलवर और जयपुर रेफर किया गया हैं

000

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज से समारोह आयोजित किये जा रहे हैं तीन दिन के समारोह के तहत शाम को जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर राजस्थान पुलिस का बैंड दल प्रस्तुति देगां पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से सवा आठ बजे तक चलेगां इस कार्यक्रम में पुलिस बैंड के सदस्य अपनी विशेष और पारंपरिक बैंड ड्रेस में सुसज्जित नजर आएंगें

000

प्रदेश के व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए लाई गई राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी–2025 के तहत ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिये गये हैं आवेदक, एसएसओ आईडी या ई–मित्र के जरिये विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं इस नीति के तहत खुदरा व्यापारियों को 2 करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगां इस पर राज्य सरकार 6 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान और इंश्योरेंस प्रीमियम पर 50 प्रतिशत तक की सहायता सहित अन्य लाभ देगीं उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि व्यापार क्षेत्र में इस प्रकार की नीति पहली बार लाई गई हैं इसका उद्देश्य प्रदेश के छोटे व्यापारियों को बड़े ट्रेड, ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म और लॉजिस्टिक नेटवर्क जैसे समान अवसर उपलब्ध कराना हैं इससे व्यापार क्षेत्र में निवेश वृद्धि होने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगें इससे प्रदेशभर के साढे 10 लाख से अधिक खुदरा व्यापारियों को फायदा मिलेगां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगीं इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगें

000

इसके साथ ही प्रादेशिक समाचार बुलेटिन समाप्त हुआं
हमारा अगला बुलेटिन शाम साढे छह बजे प्रसारित होगा, नमस्कारं